हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 20 जुलाई, 2024

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 सिवनीकला में धड़ल्ले से हो रहा अवैध कब्जा



12 अल्प, खण्ड वर्षा से किसान चिंतित





## खबर संक्षेप

### पट्टा नवीनीकरण आवेदन सात दिनों के भीतर जमा करें

**धमतरी।** नगरनिगम धमतरी के नजूल अंतर्गत ऐसे पट्टाधारक जिनका पट्टा अवधि समाप्त हो चुका है, उन्हें 7 दिनों के भीतर नवीनीकरण का आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश तहसीलदार नजूल धमतरी द्वारा दिए गए हैं। तहसीलदार ने बताया कि ऐसा नहीं करने पर संबंधित का पट्टा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि मोहल्लेवार इस संबंध में नोटिस जारी किया जा रहा है। इस सप्ताह बांसपारा वार्ड व तहसील वार्ड में नोटिस जारी किया गया है।

### सर्व आदिवासी समाज नगरी तहसील का चुनाव आज

**नगरी।** सर्व आदिवासी समाज नगरी तहसील का चुनाव आदिवासी ध्रुव गोंड समाज भवन चुरियारापारा में 20 जुलाई को दोपहर 1 बजे होगा। चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। तहसील चुनाव में सामान्य प्रभाग, युवा, महिला प्रभाग का पुनर्गठन कर पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाएगा। तहसील चुनाव में प्रदेश एवं जिलास्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सचिव पूरन नेताम ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### भेंडरवानी में 22 को नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा

**अंवरी।** ग्रामवासियों एवं दानदाताओं के सहयोग से ग्राम ग्राम भेंडरवानी के जुन्ना तालाब में नवनिर्मित मंदिर में नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना की जाएगी। शिक्षक लालजी साहू ने बताया कि रविवार 21 जुलाई को 1 बजे भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा गली का भ्रमण करेगी। सावन माह के पहले सोमवार 22 जुलाई को सुबह नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### 63 पदों पर भर्ती के लिए होगा साक्षात्कार

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 22 जुलाई को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा सीआरओ, सेल्स रिप्रजेंटेटिव, एग्रीकल्चर ऑफिसर, हेड कुक, इलेक्ट्रिशियन और आया के कुल 63 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र ने बताया कि 18 से 30 साल तक की आयु के दसवीं, बारहवीं, आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन, स्नातक और बायो या केमिस्ट्री में बीएससी शैक्षणिक योग्यता वाले आवेदक इस साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### छग स्वर्णकार समाज की चित्रकला स्पर्धा 23 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज द्वारा पर्यावरण सुरक्षा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता सामाजिक भवन कोष्टापारा में 23 जुलाई मंगलवार को दोपहर 2 से 4 बजे तक आयोजित है। इसमें 5 से 15 वर्ष के बच्चे भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम में चित्रकला से संबंधित सभी सामग्री प्रतिभागी को स्वयं लाना होगा। सर्वश्रेष्ठ चित्रकारी को उसी दिन शाम 5 बजे निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय कर पुरस्कृत किया जायेगा। निर्णायक मंडल एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राकेश सोनी, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, शिरोमणि सोनी एवं समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी हैं। कार्यक्रम की तैयारी में नंदकिशोर सोनी, मन्नूलाल सोनी, विरेन्द्र सोनी, जगदीश सोनी, बाली सोनी, घनाराम सोनी, कमलेश सोनी, हीरालाल सोनी, दिनेश सोनी, चंद्रकुमार सोनी, पप्पू सोनी जुटे हैं।

राजीव भवन में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक, 24 जुलाई को विधानसभा का होगा घेराव : दीपक बैज

# राज्य सरकार हर क्षेत्र में नाकाम : भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज शुक्रवार को धमतरी पहुंचे। नेता द्वय ने स्थानीय राजीव भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता आगामी नगरीय निकाय चुनाव में कमर कसकर तैयार रहें। आमजनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान कर कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराएं।

इस अवसर पर श्री बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर क्षेत्र में नाकाम है। आम जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। खनिज माफियाओं का बोलबाला है। प्रशासन पर सरकार का नियंत्रण नहीं है। जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। रेत खदानों में गुंडागर्दी चल रही है। पूरे राज्य में खनिज संपदा का अवैध उत्खनन हो रहा है। माफियाओं का बोलबाला है। लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। आत्मानंद स्कूलों की स्थिति खराब है। कांग्रेस के शासनकाल में बच्चे मेरिट में आते थे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छे टीचर मिले, यह प्रयास किया गया। स्कूलों का स्टैंडर्ड सुधारने योजना लाई गई थी, जिसे मौजूदा राज्य सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया। खूबचंद बघेल जैसे महापुरूषों के नाम से शुरु की गई योजनाओं का नाम बदल दिया। राज्य की सारी योजनाओं का नाम बदलने का काम भाजपा कर रही है। विकास कहीं नहीं दिख रहा है। इन मुद्दों को लेकर 24 जुलाई को विधानसभा के सामने जंगी प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य सरकार में इच्छा शक्ति का अभाव है। पुराने कामों को आगे नहीं बढ़ा रही है। बल्कि नाम बदलने की योजना ला रही है। नए विकास कार्य नहीं कर पा रही है। यह सरकार जनहित के मुद्दों से भटक गई है। वन की कटाई, खनिज संपदा का अवैध दोहन धड़ल्ले से हो रहा है। राज्य में माफियाओं का राज चल रहा है। अधिकारी किसी की नहीं सुनते। प्रशासन तंत्र लचर हो गया है।

### उपेक्षित कार्यकर्ताओं ने निकाली भड़ास

कार्यकर्ताओं की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के सामने जमकर भड़ास निकाली। कार्यकर्ताओं ने हंगामा मचाते हुए कहा कि उन्हें पूछने वाला कोई नहीं है। वे उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। इसकी शिकायत वे कई बार कर चुके हैं पर कोई कार्रवाई नहीं होती। इस पर श्री बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सबका सम्मान करती है। किसी की उपेक्षा नहीं होगी।

### जिले में अतिभारी वर्षा की चेतावनी

**धमतरी।** मौसम विज्ञान विभाग ने जिले में भारी तथा अतिभारी वर्षा की चेतावनी दी है। 19 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे जारी सूचना में कहा है कि आगामी 24 घंटे में धमतरी, गरियाबंद, बालोद, बस्तर, कांकेर, नारायणपुर जिले के एक दो स्थानों पर अतिभारी वर्षा होने की संभावना है।



24 घंटे के लिए इन जिलों को आरेंज अलर्ट में रखा गया है। वहीं 48 घंटे के लिए धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, बस्तर, बालोद क्षेत्र के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा के येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। मौसम वैज्ञानिक अलबर्ट मिंज ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के उत्तर पश्चिम और उससे सटे पश्चिम मध्य क्षेत्र में अवदाब के कारण 21 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर वर्षा की गतिविधि जारी रहने तथा एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। 20 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर वर्षा की गतिविधियां जारी रहने तथा प्रदेश के मध्य भाग में एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

# लंबे समय बाद हुई सटोरियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 23 हजार नकदी के साथ दो सटोरिये गिरफ्तार



पुलिस ने दो सटोरियों को 23 हजार नकदी व सट्टा-पट्टी के साथ गिरफ्तार किया है।

शहर में अवैध शराब बिक्री, सट्टा, जुआ व नशे का कारोबार अपने चरम में है। गली मोहल्लों में नशे का सामान व अवैध शराब की बिक्री करते देखा जा सकता है। विशेषकर युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में है। शहर के सुनसान इलाकों में जुए की महफिल भी सजती है।

वहीं सटोरियों द्वारा खुलेआम सट्टा खिलाया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने अवैध शराब, सट्टा, जुआ के खिलाफ अभियान चलाकर धरपकड़ की कार्रवाई की है। लेकिन अभी तक पुलिस बड़े खाईवाल तक नहीं पहुंच पाई है। काफी समय से शहर में पुलिस ने सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी। लंबे अंतराल के बाद कोतवाली पुलिस की टीम ने दो सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने साहिल खान पिता करीम खान 21 वर्ष रिसाईपारा विष्णु होटल के सामने रहने वाले को बाम्बे गैरेज के पास सट्टा खिलाते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 19,680 रुपए एवं तीन पट्टी जप्त की है। वहीं देव रजिन्दर सिंह पिता दर्शन सिंह उम्र 60 वर्ष रिसाईपारा धोबीचौक निवासी को भी बाम्बे गैरेज के पास सट्टा लिखते पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 13,420 रुपए नकदी व दो नग सट्टा पट्टी जप्त की है। पुलिस ने आरोपी को जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# स्कूल का गेट गिरने से छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- प्राथमिक शाला चुरियारापारा डमकाडीह का मामला

प्राथमिक शाला चुरियारापारा डमकाडीह का गेट गिरने से वहां पर खेल रही एक छात्रा की मौत हो गई।

नगरी के वार्ड क्रमांक 1 स्थित प्राथमिक शाला चुरियारापारा डमकाडीह में शुक्रवार की दोपहर खाना खाने के बाद छात्र-छात्राएं खेल रहे थे। बताया जाता है कि स्कूल का अहाता जर्जर हो गया है। स्कूल का गेट भी काफी कमजोर हो गया है। इसी दौरान स्कूल का गेट दीवार समेत छात्र दुर्गा कमार पिता बिसाहू पर गिर गया। गेट में दबने से छात्रा का सिर फट गया। उसे आनन- फानन में मोटर साइकिल से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी लाया गया। डॉक्टर ने चेकअप पश्चात छात्रा को मृत घोषित कर दिया।







इस संबंध में विकासखंड शिक्षा आदिकारी ने बताया कि अहाता पूरी तरह जर्जर हो गया है। उसे तोड़ने के लिये संकुल समन्वयक को कहा गया था। जांच अधिकारी तहसीलदार केतन भोयर का कहना है कि अहाता जर्जर हो गया है। उसे डिस्मेंटल किया जाना था।

### पहले क्यों नहीं किया गया डिस्मेंटल

अब सवाल यह उठता है कि जब अहाता जर्जर हो गया है तो स्कूल प्रबंधन ने क्या इस मामले की जानकारी शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को दी थी। अगर दी गई थी तो उसे डिस्मेंटल क्यों नहीं किया गया। पहले डिस्मेंटल कर दिया होता तो आज किसी मां-बाप से उनका मासूम तो नहीं छिनता।

# पीएम सम्मान निधि से हजारों किसान वंचित

- ई-केवाइसी, आधार सीडिंग अपडेट होने के बाद भी नहीं मिल रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के हजारों पात्र किसान पीएम सम्मान निधि के लिए कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। ई-केवाइसी, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग कम्पलीट होने के बावजूद किसानों को सम्मान निधि नहीं मिल पा रही है। बैंक, कृषि विभाग, तहसील कार्यालय का चक्कर काट कर थक चुके हैं। किसानों को अब कलेक्टर से उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि जिले में 99443 पंजीकृत किसान हैं। इनमें से 94178 किसानों को 18वीं किस्त जारी हुई है। जिले के 5265 किसान सम्मान निधि जारी होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ग्राम सेमरा (बी) निवासी खोरबाहरा निषाद , नान्हू राम पटेल ने बताया कि उनके गांव में 20 से अधिक पात्र किसानों को सम्मान निधि मिलना बंद हो गया है। उन्होंने नियमतः अपने बैंक खातों की ई-केवाइसी कराई है। आधार सीडिंग तथा लैंड सीडिंग भी अपडेट है। इसके बावजूद विगत 2 साल से सम्मान निधि की राशि नहीं मिल रही है। सम्मान निधि से वंचित हो चुके किसानों ने कलेक्टर को आवेदन कर सम्मान निधि की राशि दिलाने की मांग की है।

किसान सम्मान निधि का प्रभार संभाल रहे आरईओ चन्द्रशेखर साहू ने बताया कि जिले में 99443 पंजीकृत किसान हैं। इनमें से 1225 किसानों की ई-केवाईसी शेष है। 1472 किसानों का आधार सीडिंग तथा 851 किसानों का भूमि विवरण (लैंड सीडिंग) नहीं हो पाया हैं। सम्मान निधि की 18वीं किस्त 94178 किसानों को जारी की गई है। उन्होंने बताया कि लॉट नंबर के तहत 1548 किसानों की लिस्ट प्रोसेस में है जिसकी राशि कुछ दिनों में मिल सकती है। श्री साहू ने बताया कि सम्मान निधि की राशि पंजीयन दिनांक से मिलेगी यानी पंजीयन दिनांक से जितने माह का किस्त बकाया है, उतने माह की राशि किसानों को मिलेगी।

# छाती उपस्वास्थ्य केंद्र हुआ जर्जर नए भवन की मांग, सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** ग्राम छाती निवासी राजेंद्र चंद्राकर ने कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत छाती स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र जर्जर हो चुका है। छत का प्लास्टर आए दिन मरीजों तथा कर्मचारियों पर गिरता रहता है जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। उन्होंने नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र भवन बनाने की मांग करते हुए कहा है कि साल भर पूर्व कलेक्टर को जर्जर उपस्वास्थ्य केंद्र से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जवाबदारी जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग की होगी।



विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की हुई पुनः प्राण-प्रतिष्ठा

# महाप्रभु जगन्नाथ ननिहाल जनकपुरी से जगदीश मंदिर लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



रथ खींचने भक्तों में रहा उत्साह, गजामूंग प्रसाद का हुआ वितरण

महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अपने ननिहाल जनकपुरी में 11 दिन विश्राम करने के बाद शुक्रवार को रथ में सवार होकर अपने मूल स्थान जगदीश मंदिर लौटे। दोपहर 2.30 बजे पूजा-अर्चना, आरती पश्चात भगवान को रथ में सवार किया गया। रथयात्रा विंध्यवासिनी मंदिर, रामबाग, गणेश चौक, कचहरी चौक, चमेली चौक, मठमंदिर चौक से गोलबाजार, घड़ी चौक, सिहावा चौक होते हुए पुनः इसी रास्ते से जगदीश मंदिर पहुंची। जहां पूरे विधि-विधान से पूजा-पाठ, आरती कर भगवान की पुनः प्राण-प्रतिष्ठा की गई। गंतव्य तक पहुंचने में महाप्रभु को 5 घंटे से अधिक का समय लगा। रथी खींचने भक्तों की भीड़ लगी रही। रास्ते में भगवान की जगह-जगह आरती उतारकर आशीर्वाद लिया गया। रास्ते में भक्तों को गजामूंग का प्रसाद बांटा गया।

इस अवसर पर श्री राष्ट्रीय गौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, आमंत्रित सदस्य एससी बाहेती, निर्मल बरड़िया, रामकिशन अग्रवाल, हर्षद मेहता, लक्खूभाई भानुशाली, रितेश लोढ़ा, हेतल संघवी, मदनमोहन खंडेलवाल, प्रदीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, महेन्द्र चोपड़ा, नवल किशोर अग्रवाल, सुनील जैन, विपिन पटेल, पंकज महावर, ओमप्रकाश महावर, विजय महावर, जिगनेश ठक्कर, श्याम अग्रवाल, मनुसख अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सुरेश महावर, विपिन पवार, जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टी श्याम सुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, विपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, पं. बालकृष्ण शर्मा, अनिल मित्तल, आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल, रविकांत अग्रवाल, प्रीतेश गांधी सर्व गुजराती समाज अध्यक्ष एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छग, समाजसेवी कीर्ति शाह, महेन्द्र पंडित, दिलीप सोनी, गोवर्धन सोनी, महेन्द्र राजपुरिया, राजेन्द्र शर्मा, संजय अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, अंशुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, गोलू ठाकुर, कुलेश सोनी, सरिता यादव, पिंटू यादव, केवल साहू, दुष्यंत कुमार, योगेश गांधी, हरि कटारिया, लोचन सिंग, मनहर गांधी, तरूण अंबानी, पीयूष राठौड़ सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

## शादी में गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के जैन भवन में भतीजे की शादी में शामिल होने गए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। हाडाबंद निवासी पदुम लाल मरकाम ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को वह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीई 3162 कीमत करीब 10000 रुपए से अपने भतीजे लिलेश मरकाम की शादी में शामिल होने जैन भवन गया था। शाम करीबन 7:30 बजे अपनी मोटर सायकल को मैदान पास हैंडिल लॉक कर भवन के अंदर चला गया। रात्रि करीबन 8:30 बजे बाहर आकर देखा तो मोटर सायकल वहां पर नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 से

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में संचालित कोचिंग नवकिरण अकादमी में पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस को ध्यान में रखते 1 अगस्त 2024 से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। डी. बसंत साव समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षाओं को ध्यान में रखकर पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 अगस्त 2024 से प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं सायःकालीन में शाम 4 से 07 बजे तक क्लास संचालित होगी। अन्य क्लासेस पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं पीएससी मैंस की क्लासेस सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं टेट, सहायक शिक्षक-शिक्षक भर्ती की क्लासेस शाम 4 बजे से 7 बजे तक संचालित हो रही है।

### कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद

# सिवनीकला में धड़ल्ले से हो रहा अवैध कब्जा

■ ग्रामीणों ने पंचायत की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जाहिर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम पंचायत सिवनीकला में अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। लोग मनमाने तरीके से अतिक्रमण कर रहे हैं। सिवनीकला के ग्रामीण टेकराम साहू, सुरेश पंच, तोषण पंच, भोजराम, टकेश्वर चंद्राकर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति का खेत आबादीपारा में सीसी रोड के किनारे है और खेत से लगे हुए सीसी रोड को तोड़कर रोड किनारे ही लगभग 600 फीट लंबाई और 15 फीट चौड़ाई की जगह पर अतिक्रमण कर लिया है। उसने लगभग 50 कॉलम खड़ा कर दिया है। जबकि वह रास्ता ग्राम का मुख्य निस्तारी व जानवरों के गोठान जाने का मुख्य मार्ग है। इस अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने विरोध भी किया। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त व्यक्ति ने अवैध तरीके से कब्जा करके अपने खेत के दायरे को सीसी रोड के किनारे तक बढ़ा चुका है। पंचायत ने भी कोई कार्यवाही नहीं की है। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव के संपन्न व्यक्ति होने के बावजूद भी वह अवैध कब्जा करने में लगा हुआ है। इससे गांव में आक्रोश का माहौल है।

ग्रामीण टकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि कब्जाधारी ने अपने खेत को लगभग 15 फीट सीसी रोड तक अतिक्रमण कर बढ़ा लिया है और उसमें धान बोया है। इसके अलावा गली की पाइपलाइन को भी वह अपने बनाए हुए कॉलम के अंदर कर लिया है। यह भविष्य में ग्रामीणों के लिए समस्या का कारण बनेगी। इसके लिए पंचायत भी दोषी हैं।

सुशील साहू ने बताया कि यहां अंधेर नगरी, चौपट राजा की पंक्ति चरितार्थ हो रही है। पंचायत प्रतिनिधि अवैध कब्जों को लेकर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। इससे अतिक्रमकारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

विक्रम साहू ने बताया कि उक्त व्यक्ति सीसी रोड पर अवैध कब्जा कर रहा है और लगभग 600 फीट की लंबाई तक कब्जा करके गांव में अशांति फैला रहा है।18 जुलाई को ग्रामीण जनों ने इसका भारी विरोध किया। अब ग्रामीणों ने कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर ग्राम पंचायत के खिलाफ उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

मौके पर पंच ललित, खिलावन, भोजराम पाल, डीहूराम साहू, पुरूषोत्तम पटेल, छबिराम पाल, दीपदान साहू, चंद्रप्रकाश, कुंजीलाल, कपिल पटेल, बालाराम पटेल, दिलेश्वर साहू, मिनी निर्मलकर मौजूद रहे।

# फुसेरा में भाजपाइयों ने पौधे लगाकर सुरक्षा की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत फुसेरा के भाठापारा तालाब के किनारे भाजपाइयों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत दर्जनों पौधे रोपे। बरगद, पीपल, बेल, गुलमोहर नीम, जामुन, आम के पौधे लगाए गए। सभी ने पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया। मौके पर गौकरण साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र साहू अध्यक्ष सिर्री मंडल, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, लोकेश साहू जनपद सदस्य, त्रिलोचन साहू भाजयुमो अध्यक्ष सिर्री मंडल, जीवन साहू मंत्री मंडल, देवेंद्र साहू मंडल कोषाध्यक्ष, चैतन्य गिरी गोस्वामी मंडल महामंत्री, शेखर साहू किसान मोर्चा अध्यक्ष मंडल, मंशा चतुर्वेदी अजा मोर्चा अध्यक्ष, चंद्रशेखर साहू, ओमप्रकाश साहू, तुलसीराम भीमो उपसरपंच, डॉ योगेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष, टीकूराम नेताम युवा मोर्चा अध्यक्ष, दानेंद्र साहू उपस्थित थे।

# केंद्रीय कर्मचारियों की भांति वेतन देने की मांग

■ पैक्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी



पैक्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सहकारिता मंत्रालय का गठन किया है। देश के लगभग 95 हजार पैक्स को कंप्यूटरीकृत कर किसानों को सुविधा प्रदान करने की तैयारी की जा रही है। परंतु यह विसंगति है कि कलेक्टर दर से भी कम वेतन समिति के कर्मचारियों को प्राप्त हो रहा है। कर्मचारी आर्थिक संकटों से जूझ रहे हैं।

नरेंद्र साहू उपाध्यक्ष छग ने धमतरी कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सहकारिता मंत्री अमित शाह, सहकारिता सचिव के नाम ज्ञापन पत्र दिया है। उन्होंने पैक्स के कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति वेतन, महगांई भत्ता, पेंशन देने की मांग की है।

# अरौद-सौंगा मार्ग में जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

### सौंगा के ग्रामीणों ने विधायक से जर्जर सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की



ग्राम पंचायत सौंगा के जनप्रतिनिधि और युवाओं ने बुधवार को कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया साथ ही गांव के विकास के लिए मांग पत्र सौंपा । सरपंच भूषण लाल साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2018 में अरौद से सौंगा तक सड़क का निर्माण किया गया था। वर्तमान में यह सड़क काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने विधायक से सड़क के जीर्णोद्धार कराने का आग्रह किया।

मौके पर पूर्व सरपंच रामस्वरूप साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष तुलसी राम साहू, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, डोमन साहू, कृष्णा साहू, श्री राधाकृष्ण महोत्सव समिति अध्यक्ष फागराम साहू, सचिव राजूराम साहू, पंच डोमन साहू, नंदू निषाद, तुलसी साहू, नरेश निषाद, नारायण निषाद, पांच पाली उपाध्यक्ष छोटू राम निषाद समेत अन्य मौजूद थे।

# पालक समिति की बैठक में कई एजेंडों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

आस्था विद्या मंदिर में पालक समिति की बैठक हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम गजेंद्र थे। अध्यक्षता एनके देवांगन प्राचार्य आस्था विद्या मंदिर तरसींवा ने की। विशेष अतिथि अनुपमा तिरके, एसके साहू थे। बैठक के दौरान बच्चों के अध्ययन अध्यापन एवं उनके उज्जवल भविष्य पर चर्चा, विद्यालय लगने का समय, वाहन संबंधी, गृहकार्य, बेहतर शिक्षा और शिक्षा में नवाचार के साथ कंप्यूटर शिक्षा, स्पोकन की कक्षा, डिजिटल क्लास का लाभ समेत कई गतिविधियों पर चर्चा की गई।

# प्राशा चिंवरी में शाला प्रबंधन समिति गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

प्राथमिक शाला चिंवरी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। प्राथमिक शाला में पालकों की मीटिंग आयोजित की गई। सर्वसम्मति से शाला विकास समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष गोपालराम साहू, उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, संरक्षक वी.के. साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला चिंवरी, कोषाध्यक्ष हरिशंकर साहू शिक्षक, शिक्षाविद खेमराज साहू बनाए गए। सदस्यों में कमलेश साहू, प्रमोद साहू, अशोक तारक, परमानंद भट्ट, राजकुमार साहू, मुकेश मानिकपुरी, चंद्रहास साहू, हीरा साहू, डोमिन साहू, लक्ष्मी मोहन साहू, लक्ष्मी राजेश साहू, महेश्वरी साहू शामिल है। इस अवसर पर शिक्षकगण मिथिलेश साहू, टेकराम बंदे, सुरेश कुमार यादव मौजूद रहे।

# छलकनी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का विधायक अंबिका ने किया लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत झुरातराई के आश्रित ग्राम छलकनी में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत नवीन भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने किया। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दिनेश्वरी नेताम ने की। विशेष अतिथि जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, जनपद सदस्य संतोषी साहू, सरपंच देविका नेताम, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नीरज कुमार साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नोहर नेताम, मुनईकेरा सरपंच महेंद्र नेताम, छबिलाल सिन्हा, रोहित दास, हेमंत नेताम शाला प्रबंधन समिति सदस्य आदि मौजूद थे।

### मिडिल स्कूल गुदगुदा में लगाए गए छायादार, फलदार पौधे

# बैगलेस डे पर शिक्षकों ने छात्रों को वृक्षों का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



शासकीय माध्यमिक शाला गुदगुदा में स्काउट-गाइड के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं द्वारा शाला परिसर में अनेक छायादार, फलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही उनकी सुरक्षा, रखरखाव और देखभाल की शपथ भी ली गई।

बैगलेस डे के अवसर पर सभागार में आयोजित कार्यशाला में वन महोत्सव और ग्रीन थीम पर शैक्षिक चर्चा में शिक्षकों ने पर्यावरण और मानव जीवन में पेड़-पौधों की महती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनके धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व को भी बताया। इसी तारतम्य में जैव विविधता में पेड़-पौधों की महत्ता, औषधीय जड़ी-बूटियों, आयुर्वेद तथा वनस्पति शास्त्र में भी वृक्षों की मानव जीवन में उपयोगिता बताई गई। इस दौरान इको क्लब के विद्यार्थियों ने पर्यावरण मित्र बनकर पेड़-पौधों का संरक्षण तथा समाज को प्लास्टिक मुक्त और इको-फ्रेन्डली वातावरण बनाने और गो ग्रीन का हरित संदेश भी दिया । शैक्षिक चर्चा के दौरान डायरिया नियंत्रण पर भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। विद्यार्थियों में लीडरशिप, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक कौशल के विकास के लिए संस्था में बाल कैबिनेट, इको क्लब, विज्ञान क्लब, स्काउट-गाइड, ओआरएस कार्नर का गठन किया गया। इसके बाद पदाधिकारी मनोनीत कर विजन, वार्षिक गतिविधियों तथा कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मौके पर संस्था प्रमुख दुर्गेश द्विवेदी, जतीश सिन्हा, मनोज नेताम, एन आर बघेल सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पुलिस ने 1 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया



# गांजा बेच रहे दो नाबालिग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरूद पुलिस ने गांजा बेच रहे दो नाबालिग को पकड़ा है। इनके कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाई पर प्रतिबंध लगाने एवं नशीली दवाई की बिक्री करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने निर्देशित किया है। इसके परिपालन में एसडीओपी कुरूद श्रीमती रागिनी मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी कुरूद निरीक्षक अरूण साहू द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में

कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति चरमुड़िया रोड तिराहा ज्योति राइस मिल कुरूद के पास मादक पदार्थ गांजा की बिक्री कर रहे हैं। इस सूचना पर कुरूद पुलिस ने मौके पर तत्काल पहुंचकर घेराबंदी कर दो नाबालिग को मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करते पकड़ा। दोनों को अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से 1किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 6,300 रूपये बिक्री रकम 550 रूपये कुल 6850 रूपये बरामद किया गया। धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। दोनों नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड धमतरी में पेश किया जायेगा।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुरूद निरीक्षक अरूण साहू, सउनि सुरेश नंद, प्रआर राजेश चन्द्राकर, आरक्षक महेश साहू, संदीप पांडे, मानक साहू, रविशंकर कंवर की सराहनीय भूमिका रही।

**Pride of Dhamtari**

आपके शहर धमतरी में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग,स्लिप डिस्क,एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 05 व 19 जुलाई 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 12 जुलाई 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश — MD,DM, Interventional Cardiologist, 20 जुलाई 2024 शनिवार

CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी छ.ग. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका
भूपेंद्र कुमार दादर

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप



## मगरलोड के छात्रों को मानसिक तनाव से बचने के उपाय बताए

**मगरलोड।** स्वास्थ्य विभाग मगरलोड एवं रेडक्रॉस समिति द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में यूनिसेफ की स्नेहिल गायकवाड़ और उनकी टीम ने मानसिक तनाव के बिना बच्चे पढ़ाई कैसे करें, इस पर जानकारी दी। प्रतियोगिता परीक्षा, सामान्य परीक्षा के दौरान मानसिक तनाव से बचने आदि के उपाय बताए। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एनके साहू, शिक्षक डीके बंजारे, एलएन साहू, जीआर निषाद, रितेश अग्रवाल समेत शाला के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे ।

## सहकारी कर्मचारियों ने सहकारिता मंत्री से की मुलाकात



**पुरी।** छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर में अपनी लंबित तीन सूत्रीय मांगों के संबंध में सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री, खाद्य सचिव, पंजीयक, अपेक्स बैंक एमडी, मार्कफेड को मांग पत्र सौंपा। मंत्री एवं अधिकारियों ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। मौके पर प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास, भाईलाल देवांगन, यशवंत वर्मा, सुभाष विश्वास समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद थे। यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने दी है।

## हटाए गए कर्मचारी 22 को करेंगे आमरण अनशन

**धमतरी।** देशी मदिरा दुकान दानीटोला से हटाए गए कर्मचारियों ने आमरण अनशन की चेतावनी दी है। कर्मचारियों ने बताया कि वे सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के अधीन कर्मचारी हैं। उन्हें आबकारी विभाग द्वारा हटा दिया गया है। लगभग दो माह से कर्मचारी जनदर्शन के चक्कर काट रहे हैं। इसके बाद भी उनकी वापसी नहीं हो रही है। मुकेश साहू, यशवंत सोनकर, पोखन लाल कंवर, विरेन्द्र बघेल, त्रिभुवन साहू, त्रिदेव धुव ने बताया कि वे सभी गरीब वर्ग से हैं। काम से हटाए जाने से परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित कर्मचारियों ने 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे अपने परिवार सहित गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन करेंगे। वहीं बसपा नेता आशीष रात्रे ने कहा कि शासन प्रशासन में बैठे लोग स्थानीय छत्तीसगढ़िया लोगों के साथ अन्याय कर रहे हैं। तत्काल देशी मदिरा दुकान पर काम रहे कर्मचारियों को वापस काम में बुलाया जाये।

### आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने मंगाए ऑनलाइन आवेदन

# प्रतिभावान छात्र यूपीएससी परीक्षा की तैयारी दिल्ली के कोचिंग संस्थान में करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए खास खबर है। आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने अजा, अजजा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मंगाए हैं। ये उनके लिए हैं जो लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी दिल्ली में करना चाहते हैं।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास नया रायपुर के आयुक्त नरेंद्र दुग्गा ने सूचना जारी करते हुए कहा है कि राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (ए) अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की 50 सीट+135 सीट एसटी 50 प्रतिशत, एससी 30 प्रतिशत और ओबीसी की 20 प्रतिशत सीट है। प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित है। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि 15 जुलाई 2024 है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त है, जिसकी वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट ट्रायबल डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन है।

विभागीय जानकारी के अनुसार राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 अंतर्गत लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग की अवधि अधिकतम 10 माह की होगी। साक्षात्कार के लिए चयनित होने पर अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसका व्यय योजना से वहन किया जाएगा। विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं में जो नई दिल्ली में स्थित है, वहां कोचिंग दी जायेगी। योजनान्तर्गत निर्धारित सीटें 50 सीट+135 सीट=185, एसटी 50 प्रतिशत, एससी 30 प्रतिशत, ओबीसी 20 प्रतिशत है। नवीन 135 सीटों पर अभ्यर्थी का चयन वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति शासन से प्राप्त होने के अधीन होगा। आवेदक को छग का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक अजा, अजजा तथा ओबीसी वर्ग का हो तथा छग राज्य का स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो। आवेदक की आयु 1 अगस्त 2024 की स्थिति में न्यूनतम 20 वर्ष तथा अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिए। शासकीय सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी इस योजना में पात्र नहीं होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को योजना का लाभ सिर्फ एक बार मिलेगा। अभ्यर्थियों का चयन प्राक्चयन परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जाएगा।



फाइल फोटो

### सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटे युवाओं में हर्ष

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे रूचि देवांगन, संकेत साहू, अभिनव पटेल, भास्कर का कहना है कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली का कोचिंग संस्थान टॉप पर है। जिले में अनेक युवा हैं जिनके पास प्रतिभा तो है लेकिन कोचिंग के लिए धन नहीं है। शासन की इस योजना से प्रतिभावान छात्रों को कुछ कर गुजरने का मौका मिलेगा।

## रूद्रेश्वर महादेव मंदिर में सावन महोत्सव आज




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रूद्री स्थित रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 20 जुलाई शनिवार को भक्तों की उपस्थिति में सावन महोत्सव कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की कड़ी में बाबा रूद्रेश्वर का सतधारा महाभिषेक 24 घंटे के लिए होगा। इससे पूर्व 8.30 बजे सुबह पूजन एवं अभिषेक होगा। 21 जुलाई रविवार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रातः 8.30 बजे अभिषेक विश्राम, श्रृंगार व आरती होगी। इसी दिन संध्या को मां चित्रोत्पला गंगा महानदी की आरती एवं प्रसादी वितरण होगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# जिला जेल परिसर में गायत्री परिवार ने रोपे पौधे





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जेल परिसर में गायत्री परिवार एवं भाजपा के नेताओं ने पौधे रोपे। बस्तर में शहीद हुए जवानों के नाम पर भी पौधे रोपे गए। इस दौरान गायत्री तपोभूमि मथुरा से आए पंडित श्रीराम शर्मा के संदेशवाहक रविन्द्र तिवारी सेवानिवृत अभियंता वायुसेना ने जिला जेल धमतरी के विचाराधीन बंदियों को श्रेष्ठ और सामाजिक, पारिवारिक जीवन जीने की कला बताई। छोटे-छोटे उदाहरणों और कहानियों के माध्यम से जीवन का मूलमंत्र बताया। विचाराधीन बंदियों ने प्रायश्चित के माध्यम से जीवन को उपयोगी और सार्थक बनाने का संकल्प लिया। मौके पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय सांकरा कुम्हारी जिला दुर्ग के श्री रामलाल यादव, समयदानी देवी भूमिका भागवताचार्य, हेमराज सोनी भाजपा नेता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक कार्यकर्ता गजानन साहू, गायत्री परिवार के कार्यकर्ता श्री देशमुख, तरुण साहू, अवधेश साहू, शकुन कश्यप, जेल अध्यक्ष श्री डहरिया समेत अन्य मौजूद रहे। इस दौरान शहीद जवानों को नमन किया गया।

## विजडम एकेडमी के छात्रों ने किए जगन्नाथ के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जनकपुर राष्ट्रीय गौशाला में विराजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की वापसी शुक्रवार को श्री जगदीश मंदिर के लिए हुई। यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व विजडम एकेडमी स्कूल के छात्रों ने जनकपुर राष्ट्रीय गौशाला में महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन किए। छात्रों ने गौशाला में गौसेवा का पवित्र कार्य भी किया, जो उनके लिए एक आध्यात्मिक और प्रेरणादायक अनुभव रहा। गौशाला में गौमाता की मधुर ध्वनि और भजन कीर्तन से वातावरण दिव्यता से परिपूर्ण था। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में सेवा, समर्पण और सांस्कृतिक मूल्यों की भावना को प्रोत्साहित करना था।

राष्ट्रीय गौशाला के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, श्री राष्ट्रीय गौशाला के सहसचिव प्रीतेश गांधी ने छात्रों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए उनके द्वारा की गई सेवा की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों का यह समर्पण और सेवा भाव हमारे समाज के लिए प्रेरणा है।

# कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की नहीं आकाओं की चलती है

- धमतरी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हंगामे पर बोले प्रदेश भाजपा महामंत्री जगदीश रामू रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रोहरा ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से अब पार्टी संगठन नहीं संभल रहा है। इसका एक और नजारा शुक्रवार को धमतरी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की मौजूदगी में हुई कांग्रेस की बैठक में दिखाई दिया, जिसमें युवा से लेकर बुजुर्ग कार्यकर्ताओं ने अपनी उपेक्षा के लिए जमकर भड़ास निकाली और हंगामा मचाया।



श्री रोहरा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की लगातार ऐसी शिकायतें मुखर रूप में व्यक्त हो रही हैं, लेकिन इसके बावजूद एक परिवार की चाटुकारिता में लीन प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व शुतुरमुर्ग की तरह रेत में मुंह छिपाए कार्यकर्ताओं की पीड़ा को अनदेखा और अनसुना कर रहा है।

श्री रोहरा ने आगे कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता बार-बार कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं, उन्हें अपमानित कर रहे हैं। उन्हें अपशब्द कह रहे हैं। यही कांग्रेस की सच्चाई है। कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का कोई मान नहीं है। राहुल गांधी से लेकर भूपेश बघेल और दीपक बैज एक ही प्रकार के लोग हैं। राहुल गांधी कुत्तों को बिस्किट खिलाते हैं लेकिन कार्यकर्ताओं से मिलना पसंद नहीं करते हैं।

श्री रोहरा ने कहा कि जिनकी खुद की वजह से कांग्रेस को विधानसभा और लोकसभा के दो-दो चुनावों में करारी शिकस्त झेलनी पड़ी, उनको हार स्वीकार करके अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए था, लेकिन वे यह न करते हुए अपने कार्यकर्ताओं को गाली दे रहे हैं। अनर्गल प्रलाप और कार्यकर्ताओं का सरेआम अपमान कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति और नियति बनता जा रहा है।

# रमसगरी गार्डन में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बनियापारा स्थित रमसगरी गार्डन में पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। मौके पर अनुराग मसीह सभापति नगर निगम, पार्षद राजेश ठाकुर, पवन लिखी, मॉर्निंग वॉक क्लब के अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, संजय बरडिया, रविशंकर अवस्थी, संतोष शांडिल्य, करण विश्वकर्मा, शिव सोनी, प्रदीप गुप्ता, कान्हा मिश्रा, लक्ष्मण जिग्यासी, राजू गुप्ता, यशवंत दीवान, सत्यम सिंह ठाकुर, लक्ष्मण रजक, मो. अय्यूब खान, घनाराम सोनी, हरिशंकर पाठक, विजय सिंह ठाकुर पूर्व पार्षद समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे। यह आयोजन आरजी मॉर्निंग वॉक क्लब ने किया।

# केन एकेडमी में छात्रसंघ ने ली शपथ

- छात्र को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य गुरु करते हैं : अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केन एकेडमी स्कूल में छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। अतिथि भाजपा जिला के मीडिया प्रभारी अभिषेक शर्मा, युवा मोर्चा धमतरी शहर के अध्यक्ष सूरज शर्मा, आशीष शर्मा और स्कूल की प्रिंसिपल प्रतीक्षा बाबर थीं। स्कूल की प्रार्थनासभा के बाद नव मनोनीत छात्रसंघ को बैच एवं दायित्व सौंप शपथ दिलाई गई।

मौके पर अभिषेक शर्मा ने कहा कि हमें बचपन से ही माता पिता के रूप में गुरु मिलते हैं जो हमे चलना, बोलना सबकुछ सिखाते हैं परंतु हमारे जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गुरु एक दीपक का कार्य करते हैं। वे हमें अंधकार से प्रकाश की ओर लेकर जाते हैं। विद्यालय एवं गुरु का स्थान हमारे लिए सर्वोच्च है। सूरज शर्मा ने बच्चों से कहा कि नए दायित्व के साथ नेतृत्व करने की क्षमता को प्राप्त करेंगे। जीवन में ऊंचाइयों को छूने का मार्ग विद्यालय से ही मिलता है।

## फर्जी जनभागीदारी अध्यक्ष की नियुक्ति की शिकायत



**धमतरी :** कुरूद विधानसभा के फर्जी जनभागीदारी अध्यक्ष की नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से चर्चा कर शिकायत की गई।

# छिपली में शिशु संरक्षण माह मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आंगनबाड़ी केंद्र छिपली में शिशु संरक्षण माह मनाया गया। इस दौरान छह माह से पांच वर्ष के बच्चों को आयरन की सिरप व नौ माह से माह से पांच वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की सिरप पिलाई गई। विटामिन ए सिरप छह माह के अंतर में पिलाई जाती है।यह रतौंधी एवं कुपोषण से बचाती है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के सभापति मन्नू यादव ने बच्चों को विटामिन ए की सिरप पिलाई। मौके पर आरएचओ अंजली गुप्ता, सीएचओ लीलेश्वरी साहू, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति नंदा साहू, कस्तूरी नवरंग, सुनीती साहू, आसबाई साहू सहित अनेक ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।


# पोटियाडीह में आज मनेगी गुरुपूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- नवयुवक मंडल के अमित अध्यक्ष बनाए गए

कबीर आश्रम पोटियाडीह में नवयुवक मंडल का गठन किया गया। अध्यक्ष अमित दास, उपाध्यक्ष भानेंद्र साहू, सचिव शिव दास, कोषाध्यक्ष अमृत दास, सहसचिव दीपक साहू, संरक्षक महंत बजरंग दास, उमेश साहू, महंत त्रिलोकी दास, प्रचारक फागेश्वर दास बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में सुकृत दास, केशव दास, शंभू दास, लक्ष्मण दास, हरीश दास, निखिल दास, भावेश, माणिक दास शामिल हैं। सभी सदस्यों ने गुरुपूर्णिमा के अवसर पर 20 जुलाई शनिवार को कार्यक्रम आयोजन करने का संकल्प लिया है। गुरु महिमा पाठ, चौका आरती, संतों का प्रवचन, भजन एवं सत्संग का कार्यक्रम होगा।



## खबर संक्षेप




### गौ तस्करी - गौ वध पर सख्त एक्शन लेना स्वागत योग्य कदम : उमेश

**धमतरी।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने गोवंश के अवैध परिवहन पर सख्त एक्शन लिया है। गौ वध, गौ मांस रखने वालों को न सिर्फ अब जेल जाना पड़ेगा, बल्कि 50 हजार रुपये तक का जुर्माना भी लगेगा। 7 साल की सजा सुनाई जायेगी। सक्षम अधिकारी के अनुज्ञा पत्र प्राप्त किए बिना गौवंश का परिवहन नहीं कर सकेगा। गोवंश की तस्करी करने वालों का वाहन राजसात होगा। पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने इस निर्णय का स्वागत किया है। श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में कई जगहों पर गौ तस्करी, वध और मांस की बिक्री की शिकायत मिल रही है। ऐसे प्रकरणों में अभियुक्तों को चिन्हांकित कर उनके खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। ऐसी घटनाओं से जनता के मन में आक्रोश होता है। लिहाजा ऐसी घटनाओं को रोका जाना और कार्रवाई जरूरी है।

### जालमपुर स्कूल को दो ग्रीन बोर्ड दिया



**धमतरी।** भारतीय जैन संगठना महिला ने जालमपुर स्कूल को दो ग्रीन बोर्ड प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष वंदना चौरड़िया ने कहा कि हमें शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चे ही देश के भविष्य हैं। मौके पर स्कूल प्राचार्य, शशि, गुलशन मधुकर समेत अन्य उपस्थित थे।

### पर्यावरण को हरा-भरा रखने जोधापुर स्कूल में किया गया पौधरोपण



- पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से नशे से दूर रहने की बात कही

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय एवं नवकार महिला मंडल के सहयोग से माध्यमिक शाला जोधापुर में पर्यावरण को हरा-भरा रखने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया गया। ज्ञात हो कि वर्तमान में पौधों की आवश्यकता दोगुनी हो गई है लेकिन पौधे लगातार कटते जा रहे हैं जिससे हमारी जलवायु पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। नवकार महिला मंडल अलग-अलग जगह पौधरोपण करके इस लक्ष्य को साकार करने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। नवकार महिला मंडल ने बच्चों से शाकाहारी बनने कहा। शाला के प्रधानपाठक एम दास ने आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में दीपक दुबे, जागेश्वर सेन, भूपेश्वरी कोसरे ने सहयोग प्रदान किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष संतोष मिनी, सचिन कुसुम गोलछा समेत मंडल की अन्य सदस्य मौजूद थी।

### तहसील साहू समाज ने किया वृक्षारोपण

**नगरी।** तहसील साहू समाज नगरी के द्वारा प्रत्येक ग्रामीण परिक्षेत्र तहसील स्तर पर एक पेड़ मां कर्मा के नाम लगाने का आह्वान किया जिसके तहत आज 14 जुलाई दिन रविवार को एक साथ विभिन्न सामाजिक सामुदायिक भवनों धार्मिक सार्वजनिक स्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर वृहद वृक्षारोपण किया गया। साथ ही संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर तहसील साहू समाज के पदाधिकारियों ने नगरी कर्मा भवन के पास स्थित गौठन, छिपली बांधा तालाब हनुमान मंदिर के पास पेड़ लगाया।

आशूरा के दिन विशेष नमाज अदा की गई

# शिया समाज ने इमाम हुसैन पर हुए जुल्म की याद में मनाया मोहर्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शिया समाज ने इमाम हुसैन पर हुए जुल्म की याद में मोहर्रम मनाया। इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम को दुनिया भर के शिया मुसलमानों द्वारा शोक के रूप में मनाया जाता है। इस महीने का दसवां दिन आशूरा कहलाता है। आशूरा के दिन विशेष नमाज अदा की जाती है।

इसी सिलसिले में शहर के नवागांव वार्ड स्थित इमामबाड़ा में 7 जुलाई को मोहर्रम की चांद रात से मजलिसों (शोक सभा) का सिलसिला शुरू हुआ जो 19 जुलाई तक जारी रहा। इस दौरान खतीब ए मजलिस जनाब सैयद जुल्फिकार हुसैन जैदी साहब ने बताया कि करबला के सेहरा में यजीद मलाऊन के हुक्म के मुताबिक एक बड़ी फौज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन व उनके छोटे भाई हजरत अब्बास व बेटे अली अकबर अली असगर समेत 72 साथियों को 3 दिन तक भूखा प्यासा रख कत्ल कर दिया था। इसकी याद में हर साल मोहर्रम में शिया समुदाय शोक में डूब जाता है। इस दौरान करबला के 72 प्यासे शहीदों की याद में अजादारों द्वारा पानी-शरबत और खाना तकसीम किया जाता है। नवागांव वार्ड स्थित इमामबाड़ा में इस साल भी 2 ताजिए आशुरे के दिन उठाए गए। ये ताजिए करबला स्थित इमाम हुसैन अ.स. के रौजे (मजार) के प्रतीक के रूप में बनाए जाते हैं। इस दौरान नौहाख्वानी के साथ ही मातमदारी भी की गई।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में वैष्णवी जिले में प्रथम

- गायत्री परिवार भखारा ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024 में शासकीय माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी भखारा की कक्षा सातवीं की छात्रा वैष्णवी ने 97 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शाला, माता-पिता एवं भखारा ब्लाक को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर गायत्री परिवार भखारा ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वे गायत्री परिवार महिला मण्डल पचपेड़ी की अध्यक्ष श्रीमती बबीता साहू एवं टकैत कुमार साहू की पुत्री हैं। इस सफलता पर शाला के प्रधान अध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, गायत्री परिवार भखारा के ब्लाक समन्वयक टीकाराम साहू, प्रभारी मोहन साहू, विष्णु हिरवानी, भगवती साहू, प्रहलाद साहू, जिला समन्वयक दिलीप नाग, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी प्रदीप देवांगन, एलके यादव, मोहन गंजीर ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मुख्यमंत्री ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव को किया नमन

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और छत्तीसगढ़ में किसान सत्याग्रह के प्रणेता रहे बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। कंडेल निवासी यतीश श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जनमानस को जागृत करने में बाबू साहब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके नेतृत्व में किसानों ने शोषण और अन्याय के विरूद्ध कंडेल नहर सत्याग्रह किया। प्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने में भी उनकी अहम भूमिका रही। श्रीसाय ने कहा कि वे सच्चे मायने में दृढ़ता और संकल्प के प्रतीक थे। उनके जीवन और विचार मूल्य हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

# अल्प, खण्ड वर्षा से किसान चिंतित

## उप संचालक कृषि ने किसानों को दी सम-सामयिक सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



वर्तमान में किसानों को अल्प वर्षा, खण्ड वर्षा का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण कृषि कार्य में तेजी नहीं आ रही है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण बीज बोनी कार्य प्रभावित हो रहा है। इसे देखते हुए उप संचालक कृषि मोनेश कुमार साहू ने बताया कि सिंचाई साधन सम्पन्न किसान अपना कृषि कार्य कर रहे हैं, लेकिन गैर अपासी वाले कृषकों को अच्छी बारिश का इंतजार करना पड़ रहा है। इन परिस्थितियों में किसानों को कृषि विभाग द्वारा समसामयिकी सलाह दी गई है। ऐसे खेत जिनमें रोपा नहीं लगाया गया है, वहां वर्तमान स्थिति में धान की कतार बुआई करें एवं कम तथा मध्यम अवधि (90 से 110 दिन) की अवधि वाले धान के किस्मों का चयन करें।

उपसंचालक मोनेश कुमार साहू ने यह भी बताया कि उच्च भूमि क्षेत्र वाले खेतों में धान के स्थान पर कम जल मांग वाली फसलें मूंग, उड़द, तिल, अरहर व मक्के की खेती कर सकते हैं। देरी से रोपाई की स्थिति में अधिक अवधि का थरहा होने पर उसकी पत्तियों के ऊपरी भाग को तोड़कर प्रतिदिन 3 से 4 पौधा लगायें। रोपाई से पूर्व थरहा का कीटनाशक एवं यूरिया उपचार अवश्य करें। ऐसा करने से पौधे लंबे समय तक कीटव्याधि से सुरक्षित रहेंगे तथा यूरिया उपचार होने के कारण नाईट्रोजन जैसे पोषक तत्वों की भरपाई लंबे समय तक बनी रहेगी। थरहा उपचार हेतु क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी दवाई की 3 से 4 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर उपचार करें। इसी तरह 20 ग्राम यूरिया को 1 लीटर पानी में घोलकर एक घंटे तक जड़ों को डुबाकर उपचारित करना अच्छा होता है।

# शिशु संरक्षण माह का हुआ शुभारंभ




- जिले के 74 हजार से अधिक बच्चों को दी जाएगी आयरन की सिरप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनाए जा रहे शिशु संरक्षण माह में जिले के 74 हजार 631 बच्चों को विटामिन ए व आयरन की सिरप दी जाएगी। शिशु संरक्षण माह की शुक्रवार से शुरुआत हो गई है।

जिले में 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ स्थानीय इतवारी बाजार स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जगदीश रामू रोहरा और महापौर विजय देवांगन ने बच्चों को विटामिन 'ए' एवं आयरन की सिरप पिलाकर किया। इस अवसर पर विभिन्न वार्डों के पार्षद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेपी दीवान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.प्रिया कंवर सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

# फसल चक्र परिवर्तन के लिए अधिकारी कार्ययोजना बनाकर करें कार्य : नम्रता

- परसतराई में आयोजित कृषक परिचर्चा सह कार्य शाला में शामिल हुईं कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





जिले में गिरते हुए भूजल स्तर के मद्देनजर लोगों को जल संरक्षण की दिशा में प्रेरित करने के लिए जल जगार उत्सव सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों में से एक है फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करना। ग्रीष्मकालीन धान के बदले फसल चक्र परिवर्तन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ग्राम परसतराई में किया गया। परसतराई के किसानों ने पूर्व में ही फसल चक्र अपनाने का फैसला लेकर अपने जीवन को खुशहाली की ओर अग्रसर कर लिया है।

परसतराई में आयोजित कृषक परिचर्चा सह कार्यशाला में कलेक्टर नम्रता गांधी शामिल हुईं। इस दौरान जल संरक्षण, भूमि संरक्षण, पर्यावरणीय संरक्षण, फसल चक्र परिवर्तन, धान फसल लेने के नुकसान, दलहनी तिलहनी फसल लेने के फायदे, कृषि पद्धतियां, वैज्ञानिक सुझाव एवं आकलन, किसानों के अनुभव, कृषक प्रश्नोत्तरी इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर एसडीएम डॉ.विभोर अग्रवाल, एसडीएम नगरी पवन कुमार प्रेमी, एसडीएम कुरूद डीडी मंडावी, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, सहायक संचालक उद्यानिकी डी.एस. कुशवाहा के अलावा सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि परसतराई के किसानों ने फसल चक्र परितर्वन अपनाकर एक मिसाल पेश की है, जो सराहनीय है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आने वाले दिनों में परसतराई की तर्ज पर जिले के अन्य गांवों में भी धान के बदले दलहनी तिलहनी और अन्य नगदी फसल लेने के लिए अभी से ग्रामीणों से सम्पर्क कर कार्ययोजना बना लें। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी गांवों में सम्पर्क करने से पहले वहां की मिट्टी का परीक्षण जरूर कर लें, ताकि संबंधित मिट्टी अनुरूप दलहनी, तिलहनी और नगदी फसल के बीज तैयार किया जा सके।

उन्होंने गांवों में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली और विभिन्न समुदायों में इस कार्य को विभाजित करने अधिकारियों को कहा, ताकि ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने फसल चक्र और जल संरक्षण संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अन्य गांवों से आये ग्रामीणों को परसतराई में जल संरक्षण हेतु निर्मित किये गये निर्माण कार्यों को भी दिखाया गया।

# मनरेगा योजना से मिला परिवार को सहारा

- दिव्यांग कुंभकरण ने मेट के रूप में कार्य कर नियोजित श्रमिकों की सहभागिता बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं, बल्कि उनकी कला, योग्यता और हुनर को उजागर करने का जमाना है। आज के जमाने में दिव्यांग हर चुनौती का सामना सामान्य लोगों की ही तरह करते हैं। वजह यह है कि इन्हें भी अन्य लोगों की तरह शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। ऐसा ही एक पैर एवं एक हाथ से दिव्यांग भैंसबोड़ निवासी कुम्भकरण साहू पिता स्व. कन्हैया राम साहू उम्र 36 वर्ष है, जिन्होंने कदम-कदम पर चुनौती का सामना करते हुए जीवन निर्वाह के लिए राह को आसान बनाया। यह सब मनरेगा योजना के तहत मेट का काम करते हुए हुआ। मनरेगा योजना से मिला सहारा। इस तरह कुम्भकरण साहू दूसरों के लिए प्रेरणा बना।

इस संबंध में कुम्भकरण साहू ने बताया कि सितंबर 2020 में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद मनरेगा योजना अंतर्गत गांव में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने आए थे। निरीक्षण के दौरान ही सीईओ ने कुम्भकरण साहू को मनरेगा योजना में मेट के रूप में काम करने के लिए प्रेरित किया। कुम्भकरण साहू को मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी तथा कार्यक्रम अधिकारी को पंजीयन कराने के निर्देश दिए। पंजीयन के बाद कुम्भकरण साहू का चयन मेट के रूप में किया गया। आगे बताया कि योजनांतर्गत एक वित्तीय वर्ष में 10 हजार से 12 हजार रूपये की आमदनी अर्जित करते हुए पारिवारिक जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं।

इस संबंध में कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कुंती देवांगन ने बताया कि मेट के रूप में कुम्भकरण साहू ने दायित्व संभाला और नियोजित श्रमिकों को मनरेगा योजना में कार्य करने के लिए सहभागिता बढ़ाने, अधिक से अधिक ग्रामीण श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराने, मोबाइल एन.एम. एम. एस. एप्प के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने का उल्लेखनीय कार्य भी किया है। उनकी पत्नी श्रीमती लोकेश्वरी साहू भी मूकबधिर है। मनरेगा कार्य के अलावा कुम्भकरण गांव में पान की दुकान संचालित कर रहे हैं।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2024
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
9 अगस्त 2024, शुक्रवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पंडित शिवा प्रसाद चतुर्वेदी के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा। पंजीयन 2101/- रूपए
संपर्क करें
99931-57703, 98278-32481
99812-87578, 99773-28973

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

गायत्री परिवार की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

# ज्योति कलश रथयात्रा प्रत्येक गांव का करेगी भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा माताजी जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को जिले में संचालित करने, जन जागरुकता लाने एवं वातावरण तैयार करने रुपरेखा बनाई गई।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने जिले में पिछले 6 माह के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आगामी ज्योति कलश रथयात्रा को जिले के प्रत्येक गांव में भ्रमण कराने सभी गांवों में ग्राम प्रवज्या, गोष्ठी एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। सभी मण्डलों को सक्रिय कर तीन, पांच, नौ कुण्डीय यज्ञ करना, सामूहिक पुंसवन संस्कार, विद्यारंभ संस्कार, अन्य संस्कार, नारी जागरण, बाल संस्कार शाला का संचालन, युवा जोड़ो अभियान चलाना का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में गायत्री तपोभूमि मथुरा से पहुंचे गुरुदेव के प्रतिनिधि रविन्द्र तिवारी द्वारा गुरुदेव की तपस्थली एवं उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक का संचालन जिला समन्वयक दिलीप नाग एवं आभार प्रदर्शन जिला महिला प्रमुख श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने किया।

बैठक में साधना देवांगन प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी कुरुद, ब्लाक समन्वयक गण उगेश बंसोर, बंशीलाल यदु, टीकाराम साहू, शेखन साहू, प्रदीप देवांगन, राजकुमार साहू, कौशल साहू, गजानंद साहू, डॉ रामचंद्र मेश्राम, विरेंद्र सिन्हा, माखनलाल साहू सहित बड़ी संख्या में परिजन शामिल हुए।